# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 सितंबर, 2023

अंक : 484


## वेकोलि तथा वेंसार कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के मध्य वलनी भूमिगत खदान में खनन कार्य प्रारंभ करने हेतु समझौता



दिनांक 11 सितम्बर, 2023 को वेकोलि तथा वेंसार कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के मध्य वलनी भूमिगत खदान में खनन कार्य प्रारंभ करने हेतु एग्रीमेंट एक्सचेंज किया गया। वेकोलि के नागपुर क्षेत्र की वलनी भूमिगत खदान दीर्घ काल से बंद है। वेंसार कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के साथ किए एग्रीमेंट के तहत अब इस खदान में खनन कार्य प्रारंभ होगा।

वेकोलि मुख्यालय ने आयोजित विशेष कार्यक्रम में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार तथा वेंसार कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के निदेशक श्री वंशी कृष्णा के बीच एग्रीमेंट एक्सचेंज किया गया। यह एग्रीमेंट 25 वर्षों की अवधि के लिए, रिवेन्यू शेयरिंग आधार पर किया गया है। इस अवधि में प्रस्तावित कुल कोयला उत्पादन 6.05 मिलियन टन होगा। वलनी खदान से प्रति वर्ष 0.25 मिलियन टन कोयला उत्पादन अनुमानित है। वलनी भूमिगत खदान वेकोलि की प्रथम खदान है, जहाँ रिवेन्यू शेयरिंग आधार पर खनन कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने आशा व्यक्त की कि वलनी खदान जल्द ही राष्ट्र की कोयला आवश्यकताओं को पूर्ण करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाएगी।

इस कार्यक्रम में वेकोलि के निदेशक तकनीकी तथा कार्मिक श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे तथा वेंसार कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के महाप्रबंधक श्री रमेश राव एवं सलाहकार श्री बी. पी. सिंह विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 20 दिसम्बर, 2022 को वलनी भूमिगत खदान में खनन कार्य करने तथा पुनर्वास, विकास एवं संचालन करने हेतु वेकोलि द्वारा वेंसार कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड को लेटर ऑफ अवार्ड जारी किया गया था।



## सीएमडी श्री मनोज कुमार रहे उमरेड क्षेत्र के दौरे पर



वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार तथा निदेशक (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह ने टीम उमरेड के साथ मकरधोकड़ा -3 ओपन कास्ट माइन के महत्वपूर्ण मिशन, फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट (FMC) का दौरा किया। उन्होंने परियोजना की प्रगति और समयबद्धता पर सभी हित-धारकों के साथ चर्चा की।



इसी दौरान उन्होंने वेकोलि के उमरेड क्षेत्र स्थित IOCL के विस्फोटक उत्पादन संयंत्र का भी दौरा किया। यह संयंत्र वेकोलि के खनन कार्यों के लिए फीडर के रूप में कार्य कर रहा है। इस संयंत्र के निरीक्षण के दौरान IOCL के अध्यक्ष श्री श्रीकांत वैद्य उनके साथ उपस्थित रहे।

संयंत्र के निरीक्षण के उपरांत सीएमडी श्री मनोज कुमार तथा



निदेशक (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह ने श्री वैद्य के साथ बैठक की। इस बैठक के दौरान उन्होंने खनन कार्यों के विभिन्न क्षेत्रों की मांग के अनुसार आगे की साझेदारी की संभावनाओं पर चर्चा की। साथ ही, कोल गैसीकरण प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। इस बैठक के दौरान वेकोलि उमरेड क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री मो. साबिर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## वेकोलि में 14 से 28 सितंबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़ा

भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं कोयला मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, हिंदी भाषा के व्यापक प्रचार एवं प्रसार हेतु वेकोलि में 14 से 28 सितंबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया है। हिंदी दिवस के साथ प्रारंभ हुए इस पखवाडे में हिंदी भाषा के प्रसार के उद्देश्य से कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रथम दिवस पर वेकोलि मुख्यालय में सभी को राजभाषा पखवाड़ा का बैज दिया गया।





इस पखवाड़े में निबंध, सामान्य ज्ञान, टिप्पण एवं आलेखन, भाषण, स्व-रचित काव्य, स्लोगन, अंताक्षरी, प्रश्न मंच आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। साथ ही व्याख्यान एवं राजभाषा कार्यशाला का भी आयोजन किया जायेगा। 28 सितंबर, 2023 को पुरस्कार वितरण के साथ इस पखवाडे का समापन होगा। यह राजभाषा पखवाड़ा वेकोलि मुख्यालय के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में भी मनाया जा रहा है।

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार तथा निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह रहे पेंच क्षेत्र के दौरे पर



दिनांक 08.09.2023 को वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार तथा निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह पेंच क्षेत्र के दौरे पर रहे।

अपने दौरे में उन्होंने जमुनिया-धनकसा अमलगमेटेड भूमिगत खदान के कार्य का जायज़ा लिया। उन्होंने इस 20 लाख टन प्रतिवर्ष कोयला उत्पादन क्षमता की महत्वाकांक्षी भूमिगत खदान से जल्द से जल्द कोयला उत्पादन प्राप्त करने की आशा जताई तथा यथोचित दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सीएमडी के तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री निर्मल कुमार, उपक्षेत्रीय प्रबंधक एवं अन्य अधिकारी उनके साथ उपस्थित रहे।



## वेकोलि को मिला 'स्वच्छता पखवाड़ा अवार्ड'




स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु वेकोलि निरंतर प्रयत्नशील रहता है। इस दिशा में वेकोलि द्वारा कई सफल गतिविधियाँ क्रियान्वित की गई है, जिनके परिणाम उत्साहजनक है। इन कारगर प्रयासों का संज्ञान लेते हुए, कोयला मंत्रालय ने वर्ष 2023 के लिए वेकोलि को 'स्वच्छता पखवाड़ा अवार्ड' से सम्मानित किया।

दिनांक 06.09.2023 को कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, के सचिव श्री अमृत लाल मीना द्वारा वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार को यह अवार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री कुमार के साथ वेकोलि के निदेशक (तकनीकी एवं कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी भी उपस्थित थे। सीएमडी श्री मनोज कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय टीम वेकोलि को देते हुए सभी कर्मियों को बधाई दी।

कोयला मंत्रालय द्वारा यह पुरस्कार तय मापदंडों के आधार पर दिया जाता है, जिसमें जन-मानस में स्वच्छ भारत अभियान के विषय में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई पहल आदि शामिल है। उल्लेखनीय है कि वेकोलि द्वारा वृक्षारोपण, जागरूकता शिविर, स्वच्छता अभियान, विशेष अभियानों के माध्यम से पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों के उपयोग तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ने के लिए वर्ष भर कई गतिविधियां की गई।

## वेकोलि में त्रै-मासिक विजिलेंस अवेयरनेस वीक - 2023 अभियान



वेकोलि विजिलेंस विभाग द्वारा चलाए जा रहे त्रै-मासिक विजिलेंस अवेयरनेस वीक - 2023 अभियान के तहत, मानव संसाधन विकास विभाग के तत्वावधान में वेकोलि के कमांड क्षेत्रों में PIDPI जागरूकता और कैपेसिटी बिल्डिंग पर जोर देते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की एक श्रृंखला चलाई जा रही है। वेकोलि के मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री अजय मधुकर म्हेत्रे तथा अन्य प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को PIDPI जागरूकता, पब्लिक प्रोक्योरमेंट, इंक्वारी के दौरान इंक्वारी ऑफिसर /प्रेसेंटिंग ऑफिसर की भूमिका, साइबर हायजीन एवं सुरक्षा, सिस्टम और प्रक्रियाएं, नैतिकता और सरकार तथा कोल इंडिया के CDA रूल जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों से अभी तक कुल 161 प्रतिभागियों को लाभ हुआ तथा इस अभियान के तहत ऐसे और भी कार्यक्रम निर्धारित किये गए हैं।



## कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस में डॉ. सूर्या तथा डॉ. सोनम जैन पुरस्कृत



इस वर्ष कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस (CIMECON 2023), 8 से 10 सितंबर 2023 तक सीसीएल में आयोजित की गई। इस कॉन्फ्रेंस में वाणी नॉर्थ के डॉ. सूर्या ने 'चेयरमैन का पुरस्कार' श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह डॉक्टर सोनम जैन, पैथोलॉजिस्ट, नागपुर क्षेत्र, ने केस रिपोर्ट प्रस्तुति के लिए द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

ज्ञात हो कि कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस में फ्री पेपर, चेयरमैन का पुरस्कार एवं केस रिपोर्ट श्रेणियों में श्रेष्ठ 3 के लिए पुरस्कार घोषित किए गए। चेयरमैन का पुरस्कार श्रेणी में ऑक्यूपेशनल हेल्थ के लिए 5 प्रविष्टियां थीं वहीं केस रिपोर्ट श्रेणी में 22 प्रविष्टियां थीं।



## वेकोलि द्वारा युवाओं के कौशल विकास हेतु निरंतर प्रयास – CIPET में 40 प्रशिक्षणार्थी प्लास्टिक की विभिन्न प्रकार की वस्तुओं के निर्माण का लेंगे प्रशिक्षण



वेकोलि नागपुर द्वारा प्रायोजित एवं केंद्रीय पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान (CIPET) भोपाल द्वारा संचालित, 6 माह का 'मशीन ऑपरेटर-Injection Moulding', आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 04 सितंबर, 2023 को भोपाल में किया गया। इस प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश के बैतूल एवं छिंदवाड़ा जिलों से 40 प्रशिक्षणार्थी प्लास्टिक की विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का निर्माण करने का प्रशिक्षण लेंगे।

वेकोलि के परियोजना प्रभावित एवं बेरोजगार युवाओं के लिए पूर्ण रूप से आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर होने वाले खर्च को वेकोलि द्वारा वहन किया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में CIPET के भोपाल एवं चंद्रपुर केंद्र पर 250 प्रतिभागी प्रशिक्षण ले रहे हैं। सफल प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों को विभिन्न प्लास्टिक उद्योगों में रोजगार प्रदान किया जाएगा।




WESTERN COALFIELDS LIMITED & MISSION WCL @TeamWCL @TeamWCL www.westerncoal.in

वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।